# कक्षा -12 सामान्य हिंदी व्याकरण

# मुहावरे

| | |
|---|---|
| मुहावरा | अंगूठा दिखाना |
| अर्थ | इनकार करना |
| वाक्य प्रयोग | गुरु को अंत में चेला ही अंगूठा दिखा गया | |
| मुहावरा | अंग लगाना |
| अर्थ | स्नेह से लिपट जाना |
| वाक्य प्रयोग | राम ने भरत को अंग लगाया | |
| मुहावरा | अंधों में काना राजा |
| अर्थ | मूर्खों के बीच कम ज्ञानी को सम्मान |
| वाक्य प्रयोग | देवी प्रसाद के घर के सब अनपढ़ है, बस वही थोड़ा बहुत स्कूल गया है , बस अंधों में काना राजा बन गया है| |
| मुहावरा | अगर मगर करना |
| अर्थ | बचने का बहाना ढूँढ़ना |

| | |
|---|---|
| वाक्य प्रयोग | गृहकार्य पूरा न होने के कारन सागर अगर मगर करने लगा | |
| मुहावरा | अधजल गगरी छलकत जाय |
| अर्थ | *अज्ञानी का शेखी बघारना* |
| वाक्य प्रयोग | पांचवी फेल है , थोड़ा बहुत आता है , उसी में कूदते हैं , अधजल गगरी छलकत जाय वाली दशा है| |
| मुहावरा | अपना उल्लू सीधा करना |
| अर्थ | *अपना काम निकालना* |
| वाक्य प्रयोग | नेता तो बस अपना उल्लू करने पर लगे हैं , भाद में जाये जनता| |
| मुहावरा | अपने मुंह मिया मिट्ठु बनना |
| अर्थ | *आत्मप्रशंसा करना* |
| वाक्य प्रयोग | अपने मुह मिया मिट्ठु बनने से सम्मान कभी नहीं बढता| |
| मुहावरा | आकाश पाताल एक करना |
| अर्थ | *अत्यधिक परिश्रम करना* |
| वाक्य प्रयोग | अधिकारी बनने के लिए आकाश पातल एक करना पड़ता है| |
| मुहावरा | आँख का तारा होना |
| अर्थ | *अत्यधिक प्यारा होना* |

| | |
|---|---|
| वाक्य प्रयोग | हर माँ का बच्चा आँख का तारा होता है। |
| मुहावरा | आग में घी डालना |
| अर्थ | *क्रोध भड़काना* |
| वाक्य प्रयोग | झगड़ा हो ही रहा था कि मनोहर ने आग में घी डाल कर मारपीट करवा दिया। |
| मुहावरा | आंखों में धूल झोंकना |
| अर्थ | *धोखा देना* |
| वाक्य प्रयोग | परीक्षक की आंखों ने धूल झोंककर अच्छे अंक नहीं आ सकते। |
| मुहावरा | आधा तीतर ,आधा बटेर |
| अर्थ | *अधूरा ज्ञान* |
| वाक्य प्रयोग | या तो अंग्रेजी ही लिखिए , या फिर हिंदी , ये क्या आधा तीतर आधा बटेर वाली भाषा बोल रहे हो। |
| मुहावरा | आसमान पर थूकना |
| अर्थ | *सच्चे को कलंकित करना* |
| वाक्य प्रयोग | गांधी पर आरोप लगाना , आसमान पर थूकना है। |
| मुहावरा | ईद का चाँद होना |
| अर्थ | *कभी कभी दर्शन होना* |

| | |
|---|---|
| वाक्य प्रयोग | जब से कन्हैया की शादी हुई है ,ईद का चंद हो गया है| |
| मुहावरा | ईंट का जवाब पत्थर से |
| अर्थ | *दुष्ट के साथ महादुष्टता* |
| वाक्य प्रयोग | भारतीय सेना ने , पाकिस्तानियों को ईंट का जवाब पत्थर से दिया | |
| मुहावरा | एक अनार सौ बीमार |
| अर्थ | *एक ही वस्तु के लिये  बहुत से व्यक्तियों का प्रयास* |
| वाक्य प्रयोग | एक किताब है, पढ़ने वाले तमाम हैं, वही एक अनार सौ बीमार वाली दशा है | |
| मुहावरा | ऊंट के मुंह में जीरा |
| अर्थ | *बहुत कम मात्रा* |
| वाक्य प्रयोग | मोहन के लिए दो चार रोटियां तो बस ऊंट के मुंह में जीरा हैं| |
| मुहावरा | ओखली में सर देना |
| अर्थ | *जानबूझकर मुसीबत लेना* |
| वाक्य प्रयोग | नामी गुंडे को छेडकर क्यों तुम ओखली में सर दे रहे हो| |
| मुहावरा | कलई खुलना /कच्चा चिट्ठा खुलना |
| अर्थ | *भेद खुलना* |

| | |
|---|---|
| वाक्य प्रयोग | पुलिस के सामने घसीटा राम की कलाई खुल गयी। |
| मुहावरा | कान पर जू न रेंगना |
| अर्थ | *बार बार कहने पर प्रभाव न पड़ना* |
| वाक्य प्रयोग | मम्मी बार बार पढ़ने को  कहती हैं फिर भी रोहन कान पर जूं नहीं रेंगती है। |
| मुहावरा | खरी मंजूरी चोखा काम |
| अर्थ | *अच्छा दाम अच्छा काम* |
| वाक्य प्रयोग | पिता ने पुत्र से कहा , बेटा शहर जाकर खरी मंजूरी लेना और चोखा काम करना। |
| मुहावरा | गागर में सागर भरना। |
| अर्थ | *थोड़े शब्दों में बहुत कुछ कहना* |
| वाक्य प्रयोग | बिहारी ने सतसई  में गागर में सागर भरा है। |
| मुहावरा | घी के दिए जलाना |
| अर्थ | *खुशी मनाना* |
| वाक्य प्रयोग | अपने विरोधी को हराकर श्याम ने घी के दिए जलाये। |
| मुहावरा | घाव पर नमक लगाना |
| अर्थ | *दु:खी को और दुःख पहुचाना* |

| | |
|---|---|
| वाक्य प्रयोग | दुनिया में किसी को घाव दिखाओ तो वो नमक ही लगा देता है , मरहम नही\| |
| मुहावरा | कलेजे पर सांप लोटना |
| अर्थ | *ईर्ष्या से जलना* |
| वाक्य प्रयोग | मोहन के बेटे की नौकरी लगते ही पड़ोसियों के कलेजे पर तो सांप ही लोट गया\| |
| मुहावरा | छाती पर मूंग दलना |
| अर्थ | *अत्यंत कष्ट देना* |
| वाक्य प्रयोग | जिसे थोड़ा सा सहारा दे दो वो बस आके छाती पर मूंग दलने लगता है\| |
| मुहावरा | छक्के छुड़ाना |
| अर्थ | *हिम्मत पस्त कर देना* |
| वाक्य प्रयोग | भारतीय सैनिकों ने आतंकवादियों के छक्के छुडा दिए \| |
| मुहावरा | तिल का ताड़ करना |
| अर्थ | *छोटी सी बात को बड़ी बनाना* |
| वाक्य प्रयोग | मैंने तो बस तुम्हे एक योजना का सुझाव दिया लेकिन तुमने तो तिल का ताड़ बना दिया \| |
| मुहावरा | दांत खट्टे करना |
| अर्थ | *पराजित करना* |
| वाक्य प्रयोग | हमारे सैनिकों ने आतंकवादियों के छक्के छुडा दिए |

| | |
|---|---|
| मुहावरा | दांतों तले उंगली दबाना |
| अर्थ | *आश्चर्यचकित होना* |
| वाक्य प्रयोग | राणा के रण कौशल को देख कर सेनापति ने दातों तले उंगली दबा ली। |
| मुहावरा | दाल में काला होना |
| अर्थ | *दोष छिपे होने का संदेह होना* |
| वाक्य प्रयोग | गाँव में रोज रोज पुलिस आती है इसका मतलब दाल में कुछ काला है। |
| मुहावरा | दूध का दूध पानी का पानी |
| अर्थ | *उचित न्याय* |
| वाक्य प्रयोग | राजा विक्रमादित्य दूध का दूध पानी का पानी कर देते थे। |
| मुहावरा | नाक कटना |
| अर्थ | *बेइज्जती होना* |
| वाक्य प्रयोग | लड़का चोर निकल जाये तो बाप की नाक कट जाती है। |
| मुहावरा | नौ दो ग्यारह होना |
| अर्थ | *भाग जाना* |
| वाक्य प्रयोग | इनकम टैक्स वालों को देखकर दुकानदार नौ दो ग्यारह हो गए। |
| मुहावरा | पहाड़ टूट पड़ना |

| | |
|---|---|
| अर्थ | *मुसीबत आना* |
| वाक्य प्रयोग | रामधारी के ऊपर तो मुसीबतों का पहाड़ टूट पडा। |
| मुहावरा | पापड बेलना |
| अर्थ | *कष्ट झेलना* |
| वाक्य प्रयोग | नौकरी मुफ्त में नहीं मिलती उसके लिए हमें बहुत पापड़ बेलने पड़ते हैं। |
| मुहावरा | पेट में दाढ़ी होना |
| अर्थ | *कम उम्र में अधिक ज्ञान  होना* |
| वाक्य प्रयोग | श्याम की तो पेट में दाढ़ी है , एक पूछो दो जवाब देता है। |
| मुहावरा | बांछे खिल जाना |
| अर्थ | *प्रसन्नता से भर जाना* |
| वाक्य प्रयोग | सरकारी ऑफिसर बनने के बाद हर आदमी की बांछे खिल जाती हैं। |
| मुहावरा | भीगी बिल्ली बनना |
| अर्थ | *डर / स्वार्थ के कारण नम्र होना* |
| वाक्य प्रयोग | घर पर रहकर तो मुरली हमेशा मुछों पर ताव देता है , जैसे बाहर जाता है , भीगी बिल्ली बन जाता है। |
| मुहावरा | मक्खन लगाना |
| अर्थ | *चापलूसी करना* |

| | |
|---|---|
| वाक्य प्रयोग | मास्टर दीनानाथ हमेशा प्रिंसिपल को मक्खन लगाता रहता है। |
| मुहावरा | हाथ पाँव मारना |
| अर्थ | *प्रयत्न करना* |
| वाक्य प्रयोग | चाहे जितना हाथ पाव मर लो कुछ नहीं होने वाला अंत उसी घाट जाना है। |
| मुहावरा | मुट्ठी गर्म करना |
| अर्थ | *रिश्वत देना* |
| वाक्य प्रयोग | आज जब लेखपाल की मुठ्ठी गरम की तब जाके उसने खेत नापने काम किया। |
| मुहावरा | रंग में भंग पड़ना |
| अर्थ | *आनंद में विघ्न* |
| वाक्य प्रयोग | सिनेमाहाल में बिजली गुल हो जाने से दर्शकों के रंग में भंग पड़ गया। |
| मुहावरा | लकीर का फ़कीर होना |
| अर्थ | *पुराने ढर्रे पर चलना* |
| वाक्य प्रयोग | रोहनलाल आज भी लकीर का फ़कीर बना हुआ है , शादी पार्टी में पशुबलि जरूर देता है। |
| मुहावरा | लाल पीला होना |
| अर्थ | *क्रोधित होना* |
| वाक्य प्रयोग | रामप्रसाद अपने पुत्र पर ही लाल पीला हो गया और काम किसी और ने बिगाड़ा था। |

| | |
|---|---|
| मुहावरा | श्रीगणेश करना |
| अर्थ | *शुभारम्भ करना* |
| वाक्य प्रयोग | कल गोपाला स्वर्णकार की चार दुकानों का विधायक जी द्वारा श्रीगणेश किया गया। |
| मुहावरा | हाथ पीले करना |
| अर्थ | *विवाह करना* |
| वाक्य प्रयोग | जगजीवन की गरीबी के कारण 35 साल की बेटी के हाथ पीले नहीं हो पाए। |